तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 26 जून 2026



12 अवैध कॉलोनियां काटने वालों पर शिकंजा...





12 मातेश्वरी जगदंबा के स्मृति दिवस पर भव्य...




## खबर संक्षेप

### ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मौत

**यमुनानगर।** ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा मुस्ताबाद और बराड़ा रेलवे स्टेशन के बीच हुआ। सूचना मिलते ही जीआरपी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतक के कपड़ों से कोई पहचान पत्र बरामद नहीं होने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल यमुनानगर के शवगृह में रखवा दिया है। जांच अधिकारी एएसआई बलजीत सिंह ने बताया कि बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे स्टेशन मास्टर के माध्यम से सूचना मिली थी कि मुस्ताबाद और बराड़ा के बीच रेलवे लाइन के पास एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस ने मौके पर देखा कि शव रेलवे लाइन के पास पड़ा था। मृतक के माथे पर गंभीर चोट थी, जबकि दोनों टांगें और दोनों बाजू टूटी हुई थी।

### कुकर्म मामले में एसआईटी जल्द करेगी खुलासा

**कुरुक्षेत्र।** लाडवा थाना में कैंसर पीड़ित युवक के साथ कुकर्म के आरोप की जांच में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम जल्द खुलासा कर सकती है। शुक्रवार को पीड़ित के री-मेडिकल और आरोपी पुलिसकर्मी की मेडिकल रिपोर्ट आएगी। उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर, पीड़ित को अस्पताल से छुट्टी मिल चुकी है। पीड़ित की मां ने आरोप लगाया कि उसके बेटे और परिवार पर समझौता करने का दबाव बनाया जा रहा है। रात के समय पुलिसकर्मी उनके घर पर आते हैं। उन पर केस वापस लेने या समझौता करने के लिए धमकाया जा रहा है। दूसरी ओर, एसआईटी इंचार्ज डीएसपी लाडवा निर्मल सिंह का कहना है कि एसआईटी निष्पक्ष अपनी जांच कर रही है। अब मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है। शुक्रवार को रिपोर्ट आने की संभावना है। रिपोर्ट मिलने के बाद एसआईटी अपनी अगली कार्रवाई करेगी। एसआईटी पीड़ित के बयान पहले ही दर्ज कर चुकी है। मामले की जांच के लिए साइबर टीम की मदद भी ली गई है।

### 18 किलो डोडा चूरापोस्त में दूसरा आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** 'ऑपरेशन मैदान 2.0' के तहत पुलिस की सीआईए-2 की टीम ने 18 किलो 65 ग्राम डोडा चूरापोस्त तस्करी के मामले में दूसरे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने पहले ही आरोपी मोनू कुमार को सेक्टर-32 कट के पास से 18 किलो 65 ग्राम डोडा चूरापोस्त के साथ रंगे हाथों काबू किया था। इसके खिलाफ 20 जून 2026 को थाना पड़ाव में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोपी मोनू कुमार को रिमांड पर लिया गया। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी आशीष कुमार को भी दबोच लिया।

### आरटीए टीम पर हमलावरो के खिलाफ केस दर्ज

**अंबाला।** अंबाला छावनी बस स्टैंड परिसर में अवैध रूप से चल रही निजी बसों पर चालान की कार्रवाई के दौरान आरटीए टीम पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। बता दें कि यहां एक निजी बस के चालक, परिचालक ने यात्रियों के साथ मिलकर तीन कर्मचारी पंकज कुमार, शिव दर्शन टीएसआई और दिनेश कुमार के साथ हाथापाई की थी। कर्मचारियों से मोबाइल व चालान करने वाला टैब छीनने के बाद कपड़े फाड़ते हुए गाड़ी से बाहर निकालने का प्रयास किया था। मौके पर पहुंचे आरटीए सचिव व पुलिस ने मामले को शांत करवाया।

## अब बिना रुके कटेगा टैक्स, हरियाणा का पहला बैरियर-फ्री टोल बना बस्ताड़ा

# एमएलएफएफ प्रणाली लागू, कैमरे पढ़ेंगे नंबर प्लेट, जाम व टोल विवाद होंगे खत्म

24 जून की रात से टोल को किया जाना था लागू, लेकिन तकनीकी परीक्षण व अंतिम तैयारियों के चलते चरणबद्ध तरीके से किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

दिल्ली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-44) पर स्थित बस्ताड़ा टोल प्लाजा पर मल्टी लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) प्रणाली लागू होने के साथ ही टोल वसूली व्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश कर गई है। अब वाहन चालकों को टोल टैक्स देने के लिए न तो रुकना पड़ेगा और न ही बैरियर खुलने का इंतजार करना होगा। वाहन अपनी सामान्य गति से गुजरेंगे और टोल राशि स्वतः उनके फास्टैग या संबंधित खाते से कट जाएगी।

नई व्यवस्था के लागू होने के बाद बस्ताड़ा टोल हरियाणा का पहला बैरियर-फ्री टोल प्लाजा बन गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की इस पहल को देश में आधुनिक, डिजिटल और निर्बाध यातायात व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार इस प्रणाली का ट्रायल पिछले दिनों सफलतापूर्वक पूरा किया गया। पहले इसे 24 जून की रात से शुरू किया जाना था, लेकिन तकनीकी परीक्षण और अंतिम तैयारियों के चलते इसे चरणबद्ध तरीके से लागू किया गया। ट्रायल के दौरान किसी प्रकार की बड़ी तकनीकी समस्या सामने नहीं आई और यातायात भी सुचारू रूप से चलता रहा। इसके बाद 25 जून को दोपहर बाद व्यवस्था को पूर्ण रूप से शुरू कर दिया गया।



करनाल। बस्ताड़ा टोल प्लाजा पर शुरू की गई मल्टी लेन फ्री फ्लो प्रणाली के तहत लगाए गए अत्याधुनिक कैमरे और सेंसर। *फोटो : हरिभूमि*

### पांच महीने पहले शुरू हुई थी तैयारी

बस्ताड़ा टोल पर एमएलएफएफ प्रणाली लागू करने की तैयारी कई महीने पहले शुरू हो गई थी। एनएचएआई ने इस टोल प्लाजा को देश के उन चुनिंदा टोल प्लाजा में शामिल किया था जहां पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बैरियर-लेस टोलिंग व्यवस्था लागू की जानी थी। जनवरी माह में इस परियोजना की घोषणा हुई थी और इसके बाद लगातार तकनीकी ढांचे को विकसित करने, कैमरे लगाने, सेंसर नेटवर्क तैयार करने और सॉफ्टवेयर इंटीग्रेशन का कार्य चलता रहा। तकनीकी परीक्षणों और सिस्टम की सटीकता सुनिश्चित करने के बाद अब इसे आम वाहनों के लिए लागू कर दिया गया है। यदि यह प्रयोग पूरी तरह सफल रहता है तो भविष्य में देश के अन्य व्यस्त टोल प्लाजा पर भी इसी मॉडल को अपनाया जा सकता है।

### एमएलएफएफ प्रणाली से होंगे ये बड़े फायदे

- टोल प्लाजा पर वाहन रोकने की जरूरत समाप्त होगी।
- लंबी कतारों और ट्रैफिक जाम से राहत मिलेगी।
- यात्रा का समय कम लगेगा और सफर अधिक तेज होगा।
- ईंधन की बचत होगी तथा वाहन संचालन लागत घटेगी।
- आपातकालीन वाहनों की आवाजाही अधिक सुगम होगी।

### ऐसे काम करेगी नई व्यवस्था

एमएलएफएफ प्रणाली में सड़क के ऊपर विशेष गैन्ट्री स्ट्रक्चर लगाए गए हैं, जिनमें हाई-रिजॉल्यूशन कैमरे, सेंसर, आरएफआईडी रीडर और (एएनपीआर) तकनीक लगी है। जैसे ही कोई वाहन इन उपकरणों के नीचे से गुजरेगा, सिस्टम उसकी नंबर प्लेट और फास्टैग की पहचान करेगा। इसके बाद टोल राशि स्वतः कट जाएगी। वाहन को कहीं भी रुकने या गति कम करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### क्या है एमएलएफएफ सिस्टम

मल्टी लेन फ्री फ्लो एक अत्याधुनिक इलेक्ट्रॉनिक टोलिंग तकनीक है, जिसमें वाहन को टोल प्लाजा पर रुकना नहीं पड़ता। सड़क के ऊपर लगाए गए कैमरे, सेंसर और नंबर प्लेट पहचान प्रणाली वाहन की पहचान कर टोल राशि स्वतः वसूल लेते हैं।

### इसलिए चुना गया बस्ताड़ा टोल

बस्ताड़ा टोल राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित है, जिसे देश के सबसे व्यस्त हाईवे कॉरिडोर में गिना जाता है। दिल्ली, करनाल, अंबाला, चंडीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की ओर जाने वाले हजारों वाहन प्रतिदिन यहां से गुजरते हैं। त्योहारों, छुट्टियों और सप्ताहांत के दौरान यहां अक्सर लंबी कतारें लग जाती थीं। इन्हीं चुनौतियों को देखते हुए एनएचएआई ने इस टोल प्लाजा को चुना।

### स्थानीय वाहन चालकों के लिए नया नियम

नई व्यवस्था लागू होने के बावजूद स्थानीय श्रेणी के वाहनों के लिए पास प्रणाली जारी रहेगी। स्थानीय वाहन चालकों को निर्धारित शुल्क देकर मासिक पास बनवाना होगा। बिना वैध पास या सक्रिय फास्टैग के स्थानीय वाहन चालकों को भुगतान संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

## जगाधरी हाइवे पर हाईड्रा से टकराई ट्रेवलर, 3 की हालत नाजुक



अंबाला। मौके पर क्षतिग्रस्त टेंपो ट्रेवलर। *फोटो : हरिभूमि*

- अंबाला छावनी के रामपुर मोड़ पर हुआ हादसा, टेंपो ट्रेवलर के परखचे उड़े, घूमने के लिए कश्मीर जा रहा था परिवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला-जगाधरी हाईवे पर वीरवार तड़के भीषण हादसा हो गया। अंबाला कैंट के रामपुर मोड़ के पास हुए हादसे यात्रियों से भरी एक टेंपो ट्रेवलर हाइवे पर मुड़ रहे हाइड्रा से टकरा गई। करीब चार बजे हुए हादसे में दस यात्री जख्मी हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेम्पो ट्रेवलर के परखच्चे उड़ गए। वाहन में सवार महिलाओं और बच्चों में हादसे के बाद चीख पुकार मच गई। हादसे का शिकार हुए कई यात्रियों की हालत खराब बताई जा रही है। हालांकि चिकित्सकों की मानें तो ज्यादातर की जान खतरे से बाहर है। सभी घायल सहारनपुर की पीर वाली गली के रहने वाले हैं। पूरा परिवार गर्मियों की छुट्टियां बिताने के लिए टेंपो ट्रेवलर किराए पर लेकर कश्मीर के लिए रवाना हुआ था। उनकी गाड़ी सुबह तड़के अंबाला-जगाधरी हाईवे पर रामपुर मोड़ के पास पहुंची, तभी आगे एक हाइड्रा वाहन से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। राहगीरों और पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को गाड़ी से बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। हादसे में गंभीर रूप से घायलों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल है। घायलों में अब्दुल वाहिद, जहांगीर आलम, गुलफाम, सलमान, अवदोत, सामत व मिस्बा, गुलअफशां और उजमा सहित 10 साल की बच्ची महिमा शामिल है। बच्ची सहित 3 को रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे से संबंधित सभी पहलूओं पर गहन जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि पुलिस ने हाइड्रा चालक के खिलाफ केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस सिलसिले में जख्मी यात्रियों के बयान दर्ज किए गए हैं।



करनाल। रेलवे अधिकारियों के साथ करनाल रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते विधायक जगमोहन आनंद। *फोटो : हरिभूमि*

## करनाल रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट, एस्केलेटर और सबवे निर्माण की कवायद तेज

- विधायक जगमोहन आनंद ने रेलवे अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल रेलवे स्टेशन को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल तथा केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ हुई बैठक के बाद गुरुवार को विधायक जगमोहन आनंद ने रेलवे अधिकारियों के साथ स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के संभावित स्थानों का अवलोकन किया गया। इसके अलावा यात्रियों की सुविधा के लिए प्रस्तावित सबवे निर्माण और उससे जुड़ी तकनीकी व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विधायक जगमोहन आनंद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की रूपरेखा शीघ्र अंतिम रूप देकर निर्माण प्रक्रिया शुरू की जाए ताकि यात्रियों को जल्द आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार करनाल रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस दौरान एडीईएन अजीम बशीर, सीनियर सेक्शन इंजीनियर विजय सरोहा, स्टेशन अधीक्षक संजय सक्सेना, सीएमआई विनोद आदि रहे।

## एचकेआरएन में नौकरी दिलाने के नाम पर 1.10 लाख की ठगी, पैसे मांगने पर दी जान से मारने की धमकी

**यमुनानगर।** हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के तहत नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 1.10 लाख रुपये ठगने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस चौकी कलानौर की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों के पास से ठगी गई रकम में से 70 हजार रुपये भी बरामद किए हैं। अदालत में पेश किए जाने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। चौकी प्रभारी राजीव कुमार के अनुसार, गांव बहरामपुर निवासी हरीराम उर्फ शंटी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी जान-पहचान भोगपुर निवासी रति राम से थी, जिसने उसे अंबाला जिले के गांव सरकपुर निवासी सुरेश कुमार से मिलवाया था। आरोप है कि दोनों ने खुद को प्रभावशाली लोगों और अधिकारियों के संपर्क में होने का दावा करते हुए एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इसके एवज में उन्होंने 1.50 लाख रुपये की मांग की। शिकायतकर्ता ने विश्वास कर अलग-अलग अवसरों पर कुल 1.10 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए। पीड़ित का आरोप है कि रकम लेने के बाद आरोपी लंबे समय तक नियुक्ति पत्र जारी होने की बात कहकर टालमटोल करते रहे।

## अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी का बुलडोजर

**पानीपत।** पानीपत जिला में अवैध कॉलोनियों और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लगभग 20 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही पांच अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान करीब 25 डीपीसी, एक निर्माणाधीन ढांचे तथा कॉलोनियों में विकसित किए गए आंतरिक सड़क नेटवर्क को भी हटाया गया। जिला नगर योजनाकार (प्रवर्तन) की अगुवाई में चलाए गए इस विशेष अभियान के तहत राजस्व एस्टेट रकसेड़ा, दीकड़ला और समालखा क्षेत्र में अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान जेसीबी मशीनों की सहायता से अवैध विकास कार्यों को पूरी तरह ध्वस्त किया गया। कार्रवाई को शांतिपूर्ण एवं प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासन की मौजूदगी में अभियान सफलतापूर्वक पूरा किया गया और कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही।



## विश्वविद्यालय गैर-शिक्षक कर्मचारियों का राज्य स्तरीय अधिवेशन 28 को कुरुक्षेत्र में

- एचकेआरएन कर्मियों को अभी तक नहीं मिला जॉब सिक्योरिटी लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। जानकारी देते संयोजक प्रवीन कश्यप। *फोटो : हरिभूमि*

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के गैर-शिक्षक कर्मचारियों का राज्य स्तरीय अधिवेशन 28 जून को शांतिकुंज भवन में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के संयोजक एवं भारतीय मजदूर संघ से जुड़े कर्मचारी नेता प्रवीन कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के संयोजक, गैर-शिक्षक कर्मचारी संघों के पदाधिकारी तथा कार्यकारिणी सदस्य भाग लेंगे। अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य प्रदेश स्तरीय गैर-शिक्षक कर्मचारी कार्यकारिणी का गठन एवं घोषणा करना है। प्रवीन कश्यप ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय मंत्री सोहन लाल गुप्ता तथा प्रदेश महामंत्री हवा सिंह मैहला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। अधिवेशन में विश्वविद्यालय कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा गुरुग्राम में कौशल रोजगार निगम कर्मचारियों को 15 जून तक जॉब सिक्योरिटी लेटर जारी करने की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक किसी भी कर्मचारी को जॉब सिक्योरिटी लेटर प्राप्त नहीं हुआ है। इससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। अधिवेशन में इस विषय पर भी विचार-विमर्श कर आगामी रणनीति तय की जाएगी।

## युवक ने घर में घुसकर किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में युवक ने घर में घुसकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। आरोपी उसे इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित किशोरी की मां की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांधीनगर थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत एक फरवरी को वह परिवार के सदस्यों के साथ किसी काम से घर से बाहर गई थी। इस दौरान उनकी कॉलोनी का ही मोहित उनके घर पर आ गया और उसकी लड़की को घर पर अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। महिला ने बताया कि डर के कारण उसकी बेटी ने घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। मगर इसके बाद आरोपी फिर से उसकी लड़की के साथ गलत काम करने का प्रयास करने लगा। परेशान होकर उसकी लड़की ने उसे घटना के बारे में बताया। उसने मामले की सूचना गांधीनगर पुलिस थाने में दी।

## 7 लाख 95 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



पुलिस द्वारा अपराधियों व साइबर ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो आरोपियों को काबू किया गया है। जांच टीम की मानें तो पकड़े गए दोनों आरोपियों ने 7,95,000 की ऑनलाइन ठगी की थी। आरोपी उत्तर प्रदेश के इटावा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। आरोपियों की पहचान जावेद वारसी व आफताब के तौर पर हुई है। इस मामले में पुलिस अब तक चार आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है। उप-निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि ये आरोपी बेहद शातिर तरीके से काम करते थे। ये भोले-भाले लोगों को पैसों का लालच देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाते थे। खाताधारकों को उनका हिस्सा देने के बाद ये आरोपी अपना कमीशन काटकर बाकी की मोटी रकम मुख्य साइबर ठगों को ट्रांसफर कर देते थे। दरअसल कसेरला खुर्द गांव के जसविंदर सिंह ने 21 जनवरी 2026 को साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार, 14 जनवरी से 17 जनवरी 2026 के बीच बदमाशों ने नकली पीएनबी बैंक कर्मचारी बनकर उनसे संपर्क किया।

## डीएवी स्कूल की छात्रा ने बनाया इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान

# समृद्धि ने सर्वाधिक एडवांस योगासन में रचा इतिहास

समृद्धि ने 14 वर्ष 5 माह 30 दिन की आयु में हासिल की उपलब्धि, 24 जून को हुई आधिकारिक पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र





कुरुक्षेत्र। सम्मान प्राप्त करती समृद्धि शर्मा। *फोटो : हरिभूमि*

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र की कक्षा दसवीं की प्रतिभाशाली छात्रा समृद्धि शर्मा ने अपनी अद्भुत योग प्रतिभा के बल पर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कर विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले का गौरव बढ़ाया है। समृद्धि शर्मा ने सिर पर जलता हुआ दीपक संतुलित रखते हुए सर्वाधिक एडवांस योगासन करने का अनूठा कीर्तिमान स्थापित किया है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा जारी प्रमाणपत्र के अनुसार, समृद्धि ने 14 वर्ष 5 माह 30 दिन की आयु में यह असाधारण उपलब्धि हासिल की। उनके इस रिकॉर्ड की आधिकारिक पुष्टि 24 जून 2026 को की गई। समृद्धि की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि दृढ़ संकल्प, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उनकी सफलता युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इस अवसर पर डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सेक्टर-3, कुरुक्षेत्र की प्राचार्या श्रीमती गीतिका जसूजा ने समृद्धि शर्मा व स्कूल के योगा कोच राजेश कुमार को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय को अपनी छात्रा की इस अद्वितीय उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने कहा कि समृद्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे कुरुक्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारने एवं उन्हें नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने भी समृद्धि की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समृद्धि की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेल, योग एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगी।

## खबर संक्षेप

### युवक पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

यमुनानगर। थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने एक युवक पर उसके साथ छेड़छाड़ करने, पीछा करने व सोशल मीडिया पर उसकी आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी 20 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही मयंक काफी दिन से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। जब भी वह आरोपी को रास्ते में अकेली मिलती तो आरोपी उसके साथ छेड़छाड़ करता।

### बाइक सवारों ने महिला के गले से छीना मंगलसूत्र

यमुनानगर। जगाधरी स्थित पंडित ऑटोमोबाइल के पास बाइक सवार युवकों ने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार जगाधरी की रामनगर कॉलोनी निवासी ट्विंकल ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 23 जून को रात साढ़े आठ बजे वह काम से घर लौट रही थी। जब वह पंडित ऑटोमोबाइल के नजदीक पहुंची तो बाइक पर सवार होकर दो युवक आए। जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपी युवकों ने उसके गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### व्यक्ति की जेब से 17 हजार रुपये चोरी

यमुनानगर। गांव मेहर माजरा निवासी महिपाल ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 23 जून को दोपहर एक बजे जगाधरी किसी काम से आया था। जब वह मटका चौक जगाधरी के पास पहुंचा तो उसे अपनी जेब से 17 हजार रुपए गायब मिले। उसने आरोप लगाया कि चोरों ने उसकी जेब से मौका पाकर 17 हजार रुपये चोरी कर ली। इसके बाद उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### डेहा बस्ती में लोगों की समस्याएं सुनीं

रादौर। हरियाणा विमुक्त घुमंती जाति विकास बोर्ड के चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा ने वीरवार को रादौर की डेहा बस्ती में पहुंचकर प्रभावित परिवारों की समस्याएं सुनी। मौके पर नपा के चेयरमैन रजनीश मेहता शालु व पार्षद भी मौजूद रहे। इस दौरान कुछ दिन पहले प्रशासन द्वारा नपा की भूमि से हटाए गए अवैध निर्माण से प्रभावित हुए डेहा समाज के लोगों ने चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा के समक्ष अपनी समस्याएं रखी।

चेयरमैन जसमेर सिंह बंजारा के समक्ष डेहा समाज के लोगों ने कहा कि वह दशकों से छोटाबांस में रह रहे हैं। उनके दादा परदादा सभी यहीं के निवासी थे। उनके पास रहने के लिए कोई दूसरी जगह नहीं है। प्रशासन ने उनके मकान तोड़कर उन्हें बेघर कर दिया है। जिस कारण उनके परिवार सामान सहित सड़कों पर पिछले कई दिनो से पड़े हुए हैं।

### 27-29 तक आम दिनों की भांति खुले रहेंगे नगर निगम कार्यालय व सीएफसी

# सरकारी छुट्टी के दिन भी जमा करा सकेंगे प्रापर्टी टैक्स, खुले रहेंगे दफ्तर

**बकाया टैक्स जमा करवाने पर सौ प्रतिशत ब्याज माफी योजना का अधिकतम लाभ जनता तक पहुंचाने की कवायद**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

**मेयर सुमन बहमनी ने करदाताओं से किया टैक्स जमा करवाने का आह्वान**



मेयर सुमन बहमनी

हरियाणा सरकार द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स धारकों को एकमुश्त बकाया टैक्स जमा करवाने पर दी जा रही सौ प्रतिशत ब्याज माफी योजना का अधिकतम लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए नगर निगम ने विशेष तैयारियां की हैं। करदाताओं को टैक्स जमा करने और एनडीसी संबंधित समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की असुविधा न हो के लिए नगर निगम द्वारा आगामी 27, 28 और 29 जून को लगातार तीन दिन सरकारी अवकाश होने के बावजूद तीनों नगर निगम कार्यालय और नागरिक सुविधा केंद्र (सीएफसी) सामान्य कार्य दिवसों की भांति खुले रखने का निर्णय लिया गया है। उक्त जानकारी नगर निगम मेयर सुमन बहमनी दी है।

मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि नगर निगम कार्यालयों में इन दिनों प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने के साथ साथ एनडीसी (नो ड्यूज सर्टिफिकेट)से संबंधित सभी कार्य सुचारू रूप से किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 27 जून को शनिवार, 28 जून को रविवार और 29 जून को संत कबीर दास जयंती के चलते सरकारी अवकाश है। दूसरी ओर सरकार की एकमुश्त प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर सौ प्रतिशत ब्याज माफी योजना की अंतिम तिथि 30 जून है। चूंकि समय बेहद कम बचा है और बड़ी संख्या में नागरिक इस जनहितकारी योजना का लाभ उठाना चाहते हैं। इसलिए नगर निगम ने यह बड़ा फैसला लिया है। मेयर ने बताया कि इस छूट का लाभ उठाने के लिए कई संपत्ति मालिकों ने अपनी प्रॉपर्टी आईडी की कमियों और त्रुटियों को दुरुस्त करने के लिए आपत्तियां लगाई हुई हैं। आपत्तियां दुरुस्त करने को अन्य दिनों की भांति शनिवार, रविवार व सोमवार को भी एनडीसी शाखा से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय में मौजूद रहेंगे। ताकि इन आपत्तियों का समयबद्ध निस्तारण किया जा सके और नागरिक बिना किसी बाधा के अपना टैक्स जमा कर सकें।

**अफसरों-कर्मियों को उपस्थित रहने का आदेश**

निगम प्रशासन द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने व एनडीसी कार्यों से संबंधित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शनिवार, रविवार व सोमवार को अवकाश के दिनों में भी अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपस्थित रहने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। कहा गया है कि अवकाश के दिन नागरिकों को टैक्स जमा कराने की सुविधा दी गई है। नागरिकों को इसका सौ फीसदी लाभ मिलना चाहिए और यह तभी संभव होगा जब कर्मचारी और अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होंगे और पूरी ईमानदारी से अपना काम करेंगे। निगम प्रशासन ने कहा है कि इस मामले में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।



### समाधान शिविर का उद्देश्य जनता की शिकायतों का शीघ्र निपटारा : सहोता

यमुनानगर। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार वीरवार को जिला सचिवालय में जिलास्तरीय समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता ने आमजन की समस्याएं सुनी। उन्होंने लोगों द्वारा रखी गई अधिकांश शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया। जबकि शेष समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों के पास भेजकर दिशा निर्देश दिए। जिला राजस्वअधिकारी तरुण सहोता ने बताया कि जिलास्तरीय समाधान शिविर में यमुनानगर निवासी जगपाल सिंह ने अवैध कब्जा हटवाने व ईसम सिंह ने बिजली के पिछले बिल जुड़ने की शिकायत समेत अन्य समस्याएं रखी गई। जिनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटान कर दिया गया। जबकि शेष समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला राजस्व अधिकारी(डीआरओ ) तरुण सहोता ने ने बताया कि समस्या समाधान शिविरों के आयोजन में अब सरकार द्वारा बदलाव किया गया है। अब यह समस्या समाधान शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर व्यासपुर, छछरौली व रादौर स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना और जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करना है।

# सरकार की योजनाओं को सफल बनाने मे बैंकों का अहम योगदान

**पीएनबी की लघु सचिवालय में हुई जिलास्तरीय समीक्षा बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। लघु सचिवालय में बैंकों की जिलास्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा। फोटो : हरिभूमि

जिला अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक द्वारा लघु सचिवाल में जिलास्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला के सभी बैंकों के अधिकारियों ने भाग लिया। अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने की।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को सफल बनाने में सभी बैंकों का अहम योगदान होता है। सरकार की अधिकांश योजनाएं बैंकों से जुड़ी हुई होती हैं। इसलिए योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने में बैंक की सबसे बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि यदि जरूरतमंद को समय पर आर्थिक सहायता प्राप्त हो जाती है तो वह आत्मनिर्भर होकर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर सकता है। इसलिए बैंकों का दायित्व बनता है कि सरकारी योजनाओं के तहत ऋण लेने वाले आवेदकों को ऋण उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि यदि बैंक के अधिकारी व कर्मचारी पात्र व्यक्ति की ऋण के माध्यम से सहायता कर देते हैं तो ऋण लेने वाले व्यक्ति का जीवन बदल सकता है। उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिए कि आगामी बैठक में सभी बैंकों के अधिकारी भाग लेना सुनिश्चित करें और जो बैंक अधिकारी बैठक में भाग नहीं लेते उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में अवश्य लाए।

### सतीश शर्मा धौड़ंग को आप ने नियुक्त किया रादौर ब्लॉक अध्यक्ष

रादौर। आम आदमी पार्टी ने सतीश शर्मा धौडंग को रादौर ब्लॉक का अध्यक्ष व बीएलए टू नियुक्त किया है। सतीश शर्मा के ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त होने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। वहीं, नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष सतीश शर्मा धौड़ग ने पार्टी हाईकमान का आभार प्रक्ट किया है। आप के नवनियुक्त ब्लाक रादौर अध्यक्ष सतीश शर्मा धौड़ंग ने अपनी नियुक्ति के लिए पार्टी सुप्रिमो एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और प्रदेश प्रभारी सुशील गुप्ता का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है। वह उसका पूरी निष्ठा व लग्न से पालन करेंगे। वह अधिक से अधिक लोगों को पार्टी के साथ जोड़कर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। शर्मा ने कहा कि आज देश और प्रदेश में बढ़ती महंगाई और अन्य ज्वलंत मुद्धों के कारण जनता परेशान है। उन्होंने कहा कि आज पेट्रोल, डीजल व घरेलू गैस के दाम बढ़ने से आमजन परेशान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आप का लगातार संगठन मजबूत होता जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आप की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए आहवान किया।



# गुमथला-करनाल मार्ग पर धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे ओवरलोड वाहन

**■ हरियाणा एंटी करप्शन सोसायटी ने लगाया आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



जिले में अवैध खनन व बिना ई.रवाना के खनिज वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा अभियान गुमथला राव क्षेत्र में बेअसर सिद्ध हो रहा है। इसका प्रमाण गुमथला राव के नजदीक प्रशासन द्वारा लगाए गए विशेष नाका से बिना नंबर के ओवरलोडिड व बिना ई.रवाने के खनिज से भरे ट्रक बेरोकटोक निकल रहे हैं। जिनकी ना कोई जांच हो रही है और ना ही उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की जा रही है। उक्त आरोप हरियाणा एंटी क्रप्शन सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट वरयाम सिंह ने लगाए हैं।

हरियाणा एंटी क्रप्शन सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट वरयाम सिंह ने बताया कि यमुनानगर से वाया जठलाना से करनाल मार्ग पर प्रशासन द्वारा गुमथला के नजदीक बिना ई.रवाना के चलने वाले खनिज से भरे वाहनों व ओवरलोडिड ट्रकों पर अंकुश लगाने के लिए गुमथला के नजदीक विशेष नाका लगाया हुआ है। मगर विशेष नाका पर ओवरलोड़डि व बिना ई.रवाना के गुजर रहे खनिज से भरे वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। खास बात यह है कि आए दिन रात के समय इस मार्ग से कई बिना ई.रवाना के खनिज से भरे वाहन व ओवरलोडिड वाहन गुजर रहे हैं। जिन्हें ना तो कोई रोकने वाला है और ना ही उन पर कोई कार्रवाई की जा रही है। प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट वरयाम सिंह ने कहा कि गत बुधवार देर शाम गुमथला के विशेष नाका से होकर बिना नंबर के और बिना ई.रवाना के खनिज से भरे कई वाहन व बिना नंबर के ओवरलोडिड ट्रक गुजरे। जिनकी हरियाणा एंटी क्रप्शन सोसायटी द्वारा बाकायदा वीडियो बनाकर जनहित में भेजी गई।

### गणना प्रपत्र को भरकर नागरिक बीएलओ को लौटाएं : प्रीति

यमुनानगर। जिले में मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और अपडेट करने के लिए चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत प्रशासन ने प्रक्रिया को तेज कर दिया है। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने जिलेवासियों से बीएलओ द्वारा दिए जा रहे गणना प्रपत्र को सही जानकारी के साथ भरकर जल्द से जल्द वापस बीएलओ को सौंपे जाने का अनुरोध किया है। ताकि मतदाता सूची को समय पर अपडेट किया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीति ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत बीएलओ घर घर जाकर मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं। यह अभियान 14 जुलाई तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र पहुंचाना और उसे भरवाकर वापस प्राप्त करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी सुपरवाइजरों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीन कार्यरत बीएलओ के कार्यों की लगातार निगरानी करें और प्रपत्रों के वितरण के साथ साथ उनके डिजिटलीकरण की प्रक्रिया को भी समय पर पूरा करवाएं।



### हरियाणा के पूर्व कृषि मंत्री ने 1975 में इमरजेंसी लगाने के लिए कांग्रेस को कोसा

# आपातकाल स्वतंत्र भारत का सबसे काला अध्याय: कंवरपाल

**कहा- इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश में लगाई थी इमरजेंसी**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर



यमुनानगर। भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में आपातकाल के बारे में बताते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व अन्य नेतागण। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के पूर्व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कंवरपाल ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन स्वतंत्र भारत के के इतिहास का सबसे काला दिन था। इस दिन कांग्रेस सरकार द्वारा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदरा गांधी द्वारा अपनी सत्ता बचाने के लिए देश आपातकाल को थोपकर जनता का उत्पीड़न किया गया। जिसकी वह कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। उन्होंने उक्त शब्द भाजपा के जिला कार्यालय यमुना कमल में आयोजित प्रेसवार्ता में कहे। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

कंवरपाल ने कहा कि आपातकाल कोई सामान्य राजनीतिक घटना नहीं थी, बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की आत्मा पर सीधा प्रहार था। केवल एक परिवार की सत्ता की हवस को शांत करने के लिए देश के लाखों देशभक्तों, नेताओं और मीडिया पर्सन को बिना किसी कसूर के जेल की सलाखों के पीछे डाल दिया गया था। आपातकाल के दौरान नागरिकों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए थे। न्यायपालिका का गला घोंटा गया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को समाप्त कर दिया गया था। कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस आज संविधान और लोकतंत्र बचाने का ढोंग करती है। उसी ने तब अखबारों पर पहरा बिठाया था। इस अवसर पर नगर निगम मेयर सुमन बहमनीए,भाजपा जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा, जिला परिषद चेयरमैन रमेश चंद ठसका, जगाधरी मंडल अध्यक्ष प्रियंक शर्मा व भाजपा जिला मीडिया प्रमुख कपिल मनीष गर्ग मौजूद रहे।

**तब देश के बड़े नेताओं पर जेल में डाल दिया गया था**

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि आपातकाल के दौरान कांग्रेस सरकार द्वारा नेताओं और जनता पर अत्याचार किए गए। जयप्रकाश नारायण, अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी समेत तमाम बड़े नेताओं समेत हजारों निर्दोष कार्यकर्ताओं को क्रूर यातनाएं दी गईं। समाज कल्याण की पूर्व चेयरमैन रोजी मलिक आनंद ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं को आज संविधान की प्रतियां लहराने से पहले अपने इतिहास को देखना चाहिए। संविधान का सबसे अधिक अपमान और उसमें सबसे ज्यादा बदलाव अगर किसी ने किए हैं। तो वह कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को यह बताना बेहद जरूरी है कि किस तरह देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए हमारे बुजुर्गों ने लाठियां और जेल की यातनाएं सहीं। देश की जनता कांग्रेस के इस कृत्य को कभी माफ नहीं कर सकती। हम उन सभी श्लोकतंत्र के प्रहरियों को नमन करते हैं। जिन्होंने आपातकाल के क्रूर शासन के खिलाफ लड़ाई लड़ी और देश में दोबारा लोकतंत्र की बहाली सुनिश्चित की।

## न्यूज डायरी



### मीठे जल व जलजीरे की जगह-जगह लगाई छबील

यमुनानगर। निर्जला एकादशी पर्व पर वीरवार को श्रद्धालुओं द्वारा जिला में विभिन्न स्थानों पर छबीलें लगाकर मीठे जल व ठंडे जलजीरे लोगों की प्यास बुझाई। इस दौरान कई स्थानों पर छबील पर ठंडे पानी के साथ साथ छोले का भी प्रसाद वितरित किया गया। शहर के मॉडल टाऊन, जगाधरी मार्ग, कन्हैया चौक मार्ग, कैंप, रादौर मार्ग व जगाधरी में विभिन्न स्थानों पर छबीलें लगाई गई। इस दौरान श्रद्धालु रविश कुमार, सतपाल, मोहन राणा, सुखपाल, महेंद्र व सतीश आदि ने बताया कि वीरवार को निर्जला एकादशी का पर्व था। निर्जला एकादशी पर किसी को जल पिलाना पुण्य का काम है। उन्होंने बताया कि छबील पर सुबह से लेकर शाम तक ठंडे मीठे जल का वितरण किया गया। वहीं, निर्जला एकादशी पर्व पर वीरवार को ट्विन सिटी के अलावा जिले भर में विभिन्न स्थानों पर लगाई गई छबीलों में सुबह से शाम तक राहगीरों को रोक-रोककर ठंडा व मीठा पानी पिलाया गया। कई छबीलों पर राहगीरों को छोले भी वितरित किए गए। श्रद्धालु कृष्णा, चिराग, गुरदीप, रमन, सिद्धार्थ, तुषार, रूद्राक्ष, विशाल, ललित व संजय चौहान ने कहा कि निर्जला एकादशी पर किसी को भोजन करवाना और जल पिलाने से पुण्य मिलता है।



### इंडस्ट्री लिंक्ड प्रोग्राम विद्यार्थियों के लिए जरुरी

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में वीरवार को रोबोटिक्स एंड इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) विद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग विषय पर 45 दिवसीय समर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फार रोबोटिक्स (सीईआर) के तहत आयोजित कार्यक्रम में पैशन चेजPर्स इनोवेशन लैब्स दिल्ली के एक्सपर्ट्स मिस्टर देवांश राघव व अरुण द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में 38 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। शिविर का शुभारंभ संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने दीप प्रज्जवलित करके किया। संस्थान के निदेशक डॉ. एसके गर्ग ने कहा कि इस तरह के इंडस्ट्रीलिंक्ड ट्रेनिंग प्रोग्राम विद्यार्थियों के टेक्निकल नॉलेज, प्रैक्टिकल स्किल्स और भविष्य के करियर अवसरों के लिए उनकी तैयारी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह कार्यक्रम जेएमआईटी की क्वालिटी टेक्निकल एजुकेशन के प्रति प्रतिबद्धता और विद्यार्थियों को नई तकनीकों व इंडस्ट्री की बदलती जरूरतों के अनुसार तैयार करने के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। मौके पर सीएसई के एचओडी डॉ. गौरव शर्मा व आईटी एचओडी डॉ. विकास जुनेजा ने विद्यार्थियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का लाभ उठाने के लिए आहवान किया। मौके पर सीएसई के असिस्टेंट प्रोफेसर कपिल ने भी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण शिविर में अनुशासन में रहते हुए लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।



### भाकियू प्रत्येक गांव में गठित करेगी कमेटी: गुर्जर

रादौर। भारतीय किसान यूनियन(टिकैत )के सदस्यों की वीरवार को गांव खजूरी में किसान नेता पवन कुमार के निवास स्थान पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रादौर के प्रधान अशोक डांगी ने की। मौके पर जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर व प्रदेश उपाध्यक्ष दीपराणा नंबरदार विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रहे। भाकियू जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने बताया कि संगठन को मजबूत और संगठन का विस्तार करने के लिए हर गांव में कमेटी बनाई जाएगी। मौके पर जितेंद्र कुमार को ब्लॉक रादौर का महासचिव नियुक्त किया। वहीं, विरेंद्र कुमार को खजुरी गांव का प्रधान बनाया गया। जिससे संगठन को और मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन के संगठन में चुनाव नहीं सिलेक्शन होता है। यह संगठन गैरराजनीतिक है। जिसका नेतृत्व देश में नरेश टिकैत, राकेश टिकैत, युद्धवीर सिंह तथा प्रदेश में रतनमान के नेतृत्व में किसानों की लड़ाई लड़ी जा रही है। पुरे जिले में हर गांव में कमेटी गठित की जाएगी। ताकी किसान के मान सम्मान में कही कमी ना रहे। आज संगठन ही प्रदेश व जिले में विपक्ष की भूमिका निभा रहा है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को हरा पटका डालकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी सरकारी कार्यालय में किसान को मान सम्मान नहीं मिला तो किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ किसान नेता सरदार भुपेंद्र सिंह (भोला)सतगोली, महेंद्र चमरोडी, उदय सिंह कुंजल,पवन गोयल, रिसाल सिह, करण चानना,सहदेव शर्मा, साहब सिंह, राजकुमार, समय सिंह,रजत कुमार, मनीष कुमार बिल्ला व पिंकू आदि मौजूद रहे।

### पंचायती भूमि पर अवैध निर्माण करने का आरोप

यमुनानगर। गांव करेड़ा खुर्द निवासी रामेश्वर पर पंचायती जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सिमरन ने सदर यमुनानगर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव करेड़ा खुर्द निवासी रामेश्वर सैनी ने गांव की पंचायती जमीन पर कब्जा किया हुआ है। इस संबंध में आरोपी पर अदालत में केस दायर किया गया था। जहां अदालत द्वारा आरोपी रामेश्वर के खिलाफ फैसला सुनाते हुए अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिए थे। मगर इस दौरान आरोपी ने पंचायती जमीन से अपना कब्जा नहीं हटाया और उस पर अवैध निर्माण करके जमीन हथियाना का काम किया है। उसे जब इस बारे सूचना मिली तो उसने मौके पर जाकर रामेश्वर से बात की मगर उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी रामेश्वर के खिलाफ केस दर्ज कार्रवाई शुरू कर दी।

### सड़क हादसे में सीआईए वन का एसपीओ घायल

यमुनानगर। शहर के बाड़ी माजरा पुल के पास ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार सीआईए वन पुलिस टीम के एसपीओ को गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में एसपीओ का टखना टूट गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव सलेमपुर निवासी एसपीओ अजायब सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह सीआईए वन में राइडर के पद पर तैनात है। 17 जून को सुबह करीब नौ बजे वह अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर चूना भट्टी से बड़ी माजरा नहर की ओर जा रहे थे। जब वह नहर पुल के पास पहुंचे, तभी बड़ी माजरा की तरफ से आ रहे एक स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली ड्राइवर ने तेज रफ्तार, गफलत और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गया। आरोप है कि ट्रैक्टर का एक पहिया उनकी बाईं टांग के ऊपर से गुजर गया। जिससे उनके बाएं पैर का टखना टूट गया और उन्हें गंभीर चोटें आईं। हादसे में उनकी बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप



### बीर सिंह कुरुक्षेत्र आप के लोकसभा सचिव नियुक्त

**कुरुक्षेत्र।** आम आदमी पार्टी ने कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र में संगठन का विस्तार करते हुए पार्टी के वरिष्ठ एवं निष्ठावान नेता बीर सिंह को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी हाईकमान के निदेर्शानुसार बीर सिंह को कुरुक्षेत्र लोकसभा सचिव नियुक्त किया गया है। बीर सिंह आम आदमी पार्टी के गठन के समय से ही इसके साथ जुड़े हुए हैं और उनके लंबे संगठनात्मक अनुभव को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने यह फैसला लिया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बीर सिंह ने आप के स्थापना काल से ही विभिन्न पदों पर रहकर ईमानदारी से काम किया है।

### 5 जुलाई को होगी एडीए की परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि आगामी 5 जुलाई को हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा जिले के 38 परीक्षा केंद्रों पर एडीए की परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 10620 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उपायुक्त ने कहा कि परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में एडीए की परीक्षा से सम्बन्धित अधिकारियों की, सुपरवाईजरों की और केन्द्र अधीक्षकों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।

### एमएससी बायोकेमिस्ट्री परीक्षा में 45 रहे उपस्थित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में 25 जून को आयोजित यूजी/पीजी पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के अंतर्गत एमएससी बायोकेमिस्ट्री की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि विश्वविद्यालय सामुदायिक केंद्र (यूसीसी), कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय स्थित परीक्षा केंद्र पर कुल 58 अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए आवंटित किया गया था। इनमें से 45 अभ्यर्थी परीक्षा में उपस्थित हुए, जबकि 13 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

### दो नाबालिग लड़कियां सकुशल बरामद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना शहर पिहोवा क्षेत्र से लापता हुई दो नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पिहोवा क्षेत्र वासी एक व्यक्ति ने पुलिस की दी अपनी शिकायत में बताया कि 23 जून दोपहर को उसकी नाबालिग लड़की व एक अन्य नाबालिग लड़की घर से बिना किसी को बताए कहीं चली गई हैं।

## शहर में जगह-जगह लगीं छबीलें, लोगों को पिलाया ठंडा मीठा जल

# निर्जला एकादशी पर सामाजिक एकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर जिले भर में विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं समाजसेवी संस्थाओं के साथ-साथ स्थानीय नागरिकों द्वारा अनेक स्थानों पर छबील लगाकर राहगीरों और श्रद्धालुओं को ठंडा मीठा जल, जलजीरा एवं शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच आयोजित इन सेवा कार्यों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और मानव सेवा का संदेश दिया। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, मंदिरों तथा सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए सेवा शिविरों में स्वयंसेवकों ने पूरे दिन लोगों को शीतल पेय पदार्थ वितरित किए। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया और सामाजिक एकता एवं मानव कल्याण का संदेश दिया। जिले के कई क्षेत्रों में धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सेवा गतिविधियां भी पूरे श्रद्धाभाव और उत्साह के साथ संपन्न हुईं।



### नागपाल नर्सिंग होम के बाहर पिलाया जलजीरा

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट एवं स्थानीय बाजार के दुकानदारों द्वारा रेड रोड स्थित नागपाल नर्सिंग होम के बाहर छबील लगाकर राहगीरों एवं श्रद्धालुओं को शीतल जलजीरा वितरित किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में ग्लोबल इवेंट्स ऑर्गेनाइजेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा, सीनियर सिटीजन फोरम कुरुक्षेत्र के निवर्तमान प्रधान डॉ. ए.सी. नागपाल, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल, ट्रस्ट के मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, आस्था मैरिज ब्यूरो के राकेश गाबा, सहजयोग से सुधीर कुमार व सुधांशु कुमार, गुलाटी मेडिकोज से गुलशन गुलाटी, रिंकू, वंश वधवा, एप्टीक ओवरसीज से असीम शर्मा, अश्वनी शर्मा तथा जगजीत सिंह ने जलजीरा वितरण कर सेवा भाव का परिचय दिया।

### रोटी बैंक ने लगाई मीठे दूध की छबील



**कुरुक्षेत्र।** निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर रोटी बैंक कुरुक्षेत्र द्वारा श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र में मीठे दूध की छबील का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य /"नशा से मुक्ति, दूध में शक्ति/" का संदेश जन-जन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करतार सिंह धीमान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि रोटी बैंक का कार्य अतुलनीय है। उन्होंने दूध वितरण करते हुए कहा कि आज के इस आयोजन का उद्देश्य दूध में शक्ति और नशे से मुक्ति का है। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। ब्यूरो द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत रोटी बैंक के सहयोग से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। रोटी बैंक शाखा कुरुक्षेत्र के प्रधान एवं हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो में जागरूकता एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रोटी बैंक का लक्ष्य भूख को शांत करना है ताकि व्यक्ति भूख के लिए कोई अपराध न करे। इस अवसर पर आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक चिकित्सालय में उपचाराधीन, उनके परिजनों तथा अन्य आगंतुकों को मीठा दूध वितरित किया गया।

### मीठा जल पिलाकर बुझाई प्यास



**शाहबाद।** ज्येष्ठ मास की निर्जला एकादशी के मौके पर नगर के प्राचीन ऐतिहासिक माता बाला सुंदरी मंदिर के सेवादारों ने मीठे ठंडा जल की छबील लगा ई जिसमें हजारों राहगीरों ने भीषण गर्मी के चलते अपनी प्यास बुझाई मंदिर के पुजारी ऋषि राज और सतीश शर्मा ने बताया निर्जला एकादशी को पांडव एकादशी भी कहा जाता है। पांडवों के भाई भीम ने महाभारत के समय में भगवान श्री कृष्णा को कहा है केशव में पूरा साल 24 या 26 एकादशी का व्रत नहीं कर सकता। क्योंकि मेरे लिए भूखा रहना संभव नहीं है मुझे कुछ ऐसा बताओ जिससे मैं पूरे साल की एकादशियों का व्रत का फल मिल सके। तब भगवान कृष्ण ने भीम को कहा तुम जेठ मास की निर्जला एकादशी का व्रत कर लोगे तो पूरे साल की एकादशी का फल तुम्हें प्राप्त होगा। ऐसी मान्यता है केवल जेठ मास की एकादशी का व्रत करने से पूरे साल की एकादशी का व्रत का फल मिल जाता है। नगर के हर हिस्से में लोगों ने मीठे जल की छबील लगाकर रहागीरों की प्यास बुझाई।

### जय ओंकार आश्रम में धूमधाम से मनाई निर्जला एकादशी



**कुरुक्षेत्र।** जय ओंकार आश्रम श्री ब्रह्मा मंदिर, कुरुक्षेत्र में निर्जला एकादशी महापर्व एवं श्रीश्री 1008 सद्गुरुदेव स्वामी श्री शक्ति देव जी महाराज कुरड़ी वाले तथा श्रीश्री 1008 सद्गुरुदेव स्वामी श्री संतोष ओंकार जी महाराज कुरड़ी वालों के वार्षिक परिणय-सूत्र दिवस का समारोह श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कुरड़ी वाले महाराज श्री जी के पावन आशीर्वाद से आयोजित इस समारोह के अवसर पर संपूर्ण आश्रम, श्री ब्रह्मा मंदिर तथा श्री ओंकार आसन को आकर्षक पुष्प सज्जा से सजाया गया। कार्यक्रम के तहत महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कीं। यज्ञ की पूर्णाहुति कुरड़ी वाले महाराज श्री जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न करवाई। इस अवसर पर स्वामी संदीप ओंकार जी ने गन्ने के रस की छबील का शुभारंभ किया। साथ ही कन्या पूजन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### रोटरी क्लब ने स्थापित करवाया वाटर कूलर



**शाहबाद।** समाजसेवा एवं जनकल्याण के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर खालसा सरबत भवन, शाहाबाद मारकंडा में आम नागरिकों की सुविधा के लिए वाटर कूलर स्थापित करवाया गया। इस जनहितकारी परियोजना का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजीव गुप्ता तथा उनके सुपुत्र योगेश गुप्ता द्वारा रिबन काटकर किया गया। यह वाटर कूलर गुप्ता फैमिली, हुड्डा, शाहाबाद मारकंडा द्वारा स्पॉन्सर किया गया। मुख्य अतिथि राजीव गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना एक पुण्य कार्य है, जिससे प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी क्लब की जनसेवा परियोजनाओं में आवश्यकता पड़ने पर वे हर संभव सहयोग और योगदान देने के लिए सदैव तैयार रहेंगे।

## अपनी आत्मा को खोजो : औलिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



श्री दुर्गा देवी मंदिर पिपली, कुरुक्षेत्र के पीठाधीश और समर्थगुरु धारा हिमाचल के जोनल कोऑर्डिनेटर आचार्य डॉ.मिश्रा ने बताया कि समर्थगुरु धाम, मुरथल, हरियाणा के संस्थापक समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया जी के सान्निध्य में स्पैशल शब्द योग और स्पैशल सम्मोहन प्रज्ञा के फीडबैक सेशन में आनंद से भरा एक दिव्य उत्सव मनाया गया। 110 से ज्यादा प्रतिभागियों ने कृतज्ञता के साथ दिव्य कृपा का अनुभव किया। ध्यान योग और उच्च कार्यक्रमों के ग्रेजुएट्स को समर्थगुरु धाम, मुरथल में 3 दिन के अजपा सिद्ध योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाता है, ताकि वे 100 साल तक स्वस्थ, समृद्ध और आध्यात्मिक जीवन जी सकें। शुक्रवार को दोपहर 2:15 बजे समर्थगुरु से मिलने का विशेष अवसर भी मिलता है। 26 जून से 28 जून 2026 को स्पैशल महाजीवन प्रज्ञा, स्पैशल ऊर्जा योग और अजपा सिद्ध योग कार्यक्रम हो रहा है। ट्विटर के माध्यम से आदरणीय समर्थगुरू सिद्धार्थ औलिया जी ने विशेष बताया कि परमात्मा की मर्जी अर्थात परमात्मा का जो परम नियम है, उससे राजी होकर चलना तथाता है। आत्मभाव आत्मज्ञान के बाद ही होता है। सदगुरु शिल्पकार की भांति होता है।

### जिंदल के सहयोग से चलाए गए अभियान ने बदलीं मरीजों की जिंदगी

**कुरुक्षेत्र।** टीबी से मुक्ति के लिए रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सांसद नवीन जिन्दल के सहयोग से कुरुक्षेत्र और कैथल जिलों में 100 निःक्षय मित्रों को चिन्हित कर टीबी मरीजों को गोद लिया गया था। दोनों जिलों में उपचार के दौरान उन्हें पोषण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया गया था। इस मुहिम के परिणामस्वरूप दोनों जिलों में सहयोग प्राप्त करने वाले 100 में से 85 मरीज सफलतापूर्वक अपना इलाज पूरा कर चुके हैं। ये मरीज अब टीबी मुक्त होकर स्वस्थ जीवन की ओर लौट चुके हैं तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़ गए हैं। कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत चयनित मरीजों को लगातार 6 महीने तक पोषण सामग्री उपलब्ध कराई गई।

## पिहोवा से हरिद्वार के लिए स्पेशल बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, भाजपा सरकार में चारों तरफ समान रूप से विकास हो रहा है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा वीरवार को पिहोवा के बस स्टैंड पर पिहोवा से हरिद्वार के लिए चलाई गई स्पेशल एयर कंडीशनर बस को हरी झंडी देने उपरांत आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले हरियाणा राज्य परिवहन कुरुक्षेत्र के जीएम समेन्द्र सिंह ने भाजपा के वरिष्ठ नेता जय भगवान शर्मा का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। समेन्द्र सिंह ने कहा कि आमजन की सुविधाओं को देखते हुए पिहोवा से हरिद्वार के लिए सुबह 7:40 पर प्रतिदिन रवाना होगी। यह बस वाया कुरुक्षेत्र, पिपली,लाडवा, रादौर यमुनानगर,सहारनपुर,रुडकी से होते हुए हरिद्वार पहुंचेगी। हरिद्वार से पिहोवा के लिए यह बस दोपहर 2:20 पर रवाना होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के वरिष्ठद नेता जय भगवान शर्मा ने पिहोवा से दिल्ली के लिए भी एयर कंडीशनर बस को हरी झंडी देकर भी रवाना किया है। यह बस पिहोवा से सुबह 8:10 पर दिल्ली के लिए रवाना होगी यह बस वाया ढांड, कौल, सीतामाई, काछवा, करनाल, पानीपत, सोनीपत से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी।

### पेड़-पौधे बिना भेदभाव के देते हैं जीवन : गुप्ता

**थानेसर।** अपने जन्मदिन के अवसर पर ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने पौधारोपण कर समाज को पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया।



एडवोकेट अंकित गुप्ता ने पौधा लगाते हुए कहा कि आज के समय में पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। एक पौधा लगाना केवल प्रकृति को बचाने का प्रयास नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, बेहतर वातावरण और सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। उन्होंने कहा जन्मदिन पर केक काटने के साथ-साथ यदि हम एक पौधा लगाकर प्रकृति को उपहार दें, तो यह हमारे जीवन के सबसे यादगार कार्यों में से एक हो सकता है। एडवोकेट अंकित गुप्ता ने कहा कि वृक्ष हमें बिना किसी भेदभाव के जीवन देते हैं। पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, प्रदूषण कम करने और मानव जीवन को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



गांव बहादुरपुरा में प्रयास फाउंडेशन वेल्फेयर सोसायटी द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व संस्था के संस्थापक प्रवीण शर्मा ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रवीण शर्मा ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करता, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने बताया कि नशे की लत के कारण परिवारों में तनाव, आर्थिक संकट, घरेलू हिंसा, शिक्षा में गिरावट तथा सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान जैसी गंभीर समस्याएं पैदा होती हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को सुरक्षित बनाएं और समाज में जागरूकता फैलाने में सहयोग करें।

### विद्यार्थियों को मीडिया क्षेत्र की व्यावहारिक एवं तकनीकी बारीकियों से कराया अवगत

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के मिनी ऑडिटोरियम में आयोजित दो दिवसीय मीडिया प्रोडक्शन कार्यशाला का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ।



कार्यशाला के अंतिम दिन विद्यार्थियों को मीडिया क्षेत्र की व्यावहारिक एवं तकनीकी बारीकियों से अवगत कराया गया। अध्यक्षीय संबोधन में संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि मीडिया प्रोडक्शन कार्यशाला के माध्यम से तैयार होने वाले प्रशिक्षित मीडिया कर्मी विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शोध कार्यों और सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाएंगे। उन्होंने बताया कि तकनीकी दक्षता, रचनात्मक सोच और व्यावहारिक अनुभव से लैस विद्यार्थी भविष्य में विश्वविद्यालय की सकारात्मक ब्रांडिंग के सशक्त माध्यम बनेंगे। कार्यशाला के प्रथम सत्र में खबरनामा हरियाणा के एडिटर एवं ऑनर डॉ. राजेश वधवा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।



### आध्यात्मिक ज्ञान और सर्वशक्तियों की साकार प्रतिमूर्ति थीं मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती: सरोज

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्माकुमारीजः विश्व शांति धाम सेवा केंद्र, कुरुक्षेत्र में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती (मम्मा) का 61वाँ पुण्य स्मृति दिवस ह्यआध्यात्मिक ज्ञान दिवस के रूप में श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। इस अवसर पर राजयोगिनी बी.के. सरोज बहन ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उनके साथ बी.के. राधा, बी.के. पुष्पा, बी.के. लता, बी.के. नेहा, बी.के. प्रियंका, बी.के. आरती, बी.के. सिमरन एवं बी.के. भारती सहित अनेक भाई-बहनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके दिव्य गुणों को जीवन में धारण करने का संकल्प लिया। राजयोगिनी बी.के. सरोज बहन ने मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के प्रेरणादायी जीवन एवं आध्यात्मिक व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बचपन में उनका नाम राधे था। मात्र 16 वर्ष की आयु में उन्होंने ईश्वरीय यज्ञ सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया। ज्ञान प्राप्ति के पश्चात उन्होंने संस्थान की जिम्मेदारियों को इतनी कुशलता से निभाया कि सभी उन्हें स्नेहपूर्वक मम्मा कहने लगे। वे अध्ययन, गीत, कविता एवं नृत्य जैसी अनेक प्रतिभाओं से सम्पन्न थीं। उनके मधुर स्वर में की जाने वाली ओम ध्वनि के कारण वे ओम राधे के नाम से विख्यात हुईं। उनका व्यक्तित्व इतना दिव्य एवं आकर्षक था कि उन्हें देखकर लोगों को देवी स्वरूप का अनुभव होता था। बीके डॉक्टर आर डी शर्मा ने अपने स्कूली समय के सरस्वती मां की वंदना का अनुभव सांझा किया और बताया कि आज उन्हें सरस्वती मां अनुकंपा से सब प्राप्त हो गया है।

## भाजपा शाहाबाद विधानसभा के तंगौर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

भाजपा कार्यकर्ताओं से प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने का किया आह्वान

# एसआईआर राष्ट्रहित का महाअभियान, सही वोट न कटे और फर्जी वोट न बचे : सुभाष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| शाहबाद

भाजपा शाहाबाद विधानसभा के तंगौर मंडल की महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय विश्राम गृह में सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य विषय विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान रहा। कार्यक्रम का आयोजन तंगौर मंडल अध्यक्ष यादविंदर राणा लक्की द्वारा किया गया, जबकि बैठक की अध्यक्षता हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना ने की। बैठक को संबोधित करते हुए चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा कि एसआईआर अभियान लोकतंत्र को मजबूत बनाने और मतदाता सूची को शुद्ध एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



**शाहबाद।** बैठक को संबोधित करते चेयरमैन सुभाष कलसाना।

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र नागरिक का वोट न कटे, वहीं फर्जी और अपात्र वोटों को मतदाता सूची से हटाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। सुभाष कलसाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में पारदर्शिता, सुशासन और जवाबदेही को बढ़ावा दिया जा रहा है, जबकि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश में लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। एसआईआर अभियान इसी सोच का हिस्सा है, जिससे मतदाता सूची पूरी तरह शुद्ध और विश्वसनीय बन सकेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाकर लोगों को एसआईआर अभियान के प्रति जागरूक करने और पात्र मतदाताओं की हर संभव सहायता करने का आह्वान किया। मंच संचालन पार्षद दीपक आनंद ने किया। इस अवसर पर चेयरमैन रविंदर सांगवान ठोल, मंडल अध्यक्ष यादविंदर लक्की राणा, पार्षद दीपक आनंद, प्रदीप कुमार, नसीब सिंह, इकबाल राणा, बाबू राम सैनी, जगीर सैनी, सोमनाथ, बलविंदर राणा, विक्की राणा, राजदीप कौर बाजवा, सरपंच रिंकू बैरागी, अधिवक्ता मनदीप रावा, संजीव सैनी, यशवंत राणा, तिलक राज नलवी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एसआईआर कार्य में बीएलओ का सहयोग करें सरपंच, पार्षद व आम नागरिक : अनुभव मेहता

**लाडवा।** एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि लाडवा विधानसभाओं में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य चला हुआ है। इस कार्य में गांव के सरपंच, शहर में पार्षद, सभी मतदाता व आमजन बीएलओ का सहयोग करें। एन्यूमरेशन फार्म बांटने में लाडवा विधानसभा ने 98.17 प्रतिशत कार्य को पूरा कर लिया है। विधानसभा के सभी 217 बूथों में 197903 मतदाताओं में से 194282 मतदाताओं को एन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म मिल चुका है वह उन्हें भरकर बीएलओ को जमा करवाएं और जिनको अभी एन्यूमरेशन फॉर्म नहीं मिला है वो बीएलओ से अपना फॉर्म प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950 या हेल्पलाइन लाडवा नंबर 01744 265555 पर संपर्क करें। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि विधानसभा का प्रत्येक मतदाता निर्वाचन आयोग के निर्देश पर किए जा रहे एसआईआर कार्य में बीएलओ का सहयोग करे ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार करने का काम समय पर पूरा किया जा सके। विधानसभा में वितरण के बाद मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना प्रपत्र प्राप्त करने का काम शुरू कर दिया गया है। एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि एन्यूमरेशन फार्म को 6 प्रकार से भरा जाना है।



## खबर संक्षेप

### लोगों को जागरूक करें अधिकरः एडीसी

**अंबाला।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी विराट ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य अति महत्वपूर्ण है। इस कार्य के तहत हम सभी का दायित्व बनता है कि मतदाता सूचि त्रुटि रहित हो और इस कार्य के लिए सभी विभागों को आगे आते हुए अपने विभाग के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए अपनी भूमिका निभानी हैं। एडीसी अपने कार्यालय के सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण की गतिविधियों के लिए जो कार्य किए जा रहे है उसके तहत एक बैठक ले रहे थे। विभागाध्यक्ष को निर्देश दिए कि इसको लेकर लोगों को जागरूक करें।

### समस्याओं का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गगनदीप ने कहा कि समाधान शिविर आयोजित करने का उदेश्य आम नागरिकों की शिकायतों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करना है। सभी विभाग आपसी-समन्वय बनाकर लोगों की समस्याओं का त्वरित व प्रभावी समाधान करवाना सुनिश्चित करें। सीईओ ने शिविर में पंहुचे प्रार्थियों की समस्याओं को क्रमवार सुनते संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है।

### एसडीएम ने किया ड्रेनों का निरीक्षण

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने वीरवार को आगामी मानसून सीजन एवं बाढ़ प्रबंधन कार्यों के मद्देनजर सिंचाई विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों के साथ-साथ ड्रेनों व अन्य का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ड्रेनों एवं नालों की साफ-सफाई, पम्प हाउसों की कार्यक्षमता तथा बाढ़ प्रबंधन से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण किए जाएं, ताकि मानसून के दौरान जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी किसी प्रकार की कमी अथवा संभावित समस्या की आशंका हो उसका समय रहते समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### बिजली मंत्री का आवास घेरेंगे अनुबंधित कर्मी

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की जिला जींद कार्यकारिणी की बैठक नरवाना के 132 केवी रेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोती मोर ने की। जबकि मंच का कुशल संचालन जिला सचिव योगेश शर्मा द्वारा किया गया। बैठक में 17 जुलाई को बिजली मंत्री अनिल विज के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया। बैठक में 17 जुलाई को बिजली मंत्री अनिल विज के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया।जिला सचिव योगेश शर्मा ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य बीते दिनों कैथल में आयोजित हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक के फैसलों पर विचार विमर्श करना और संगठन की आगामी रूपरेखा तैयार करना था।

---

### अब एक्सचेंज डीड पर नहीं होगी जमीन की खरीद-फरोख्त

# अवैध कॉलोनियां काटने वालों पर शिकंजा कसने की तैयारी

- राज्य सरकार ने हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम 1975 की धारा 7-ए में किया संशोधन, डीटीपी की ओर से जारी किए गए आदेश, गुड़गांव व मानसेर में कॉलोनियों की जांच में हुआ था खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। अवैध कॉलोनी में निर्माण को ढहाती जेसीबी। फोटो: हरिभूमि

अवैध कॉलोनियां काटकर लोगों की जेब ढीली करने वाले कॉलोनाइजरों पर शिकंजा कसने की तैयारी हो गई है। दरअसल राज्य में कॉलोनाइजर एक्सचेंज डीड के जरिए जमीन की खरीद फरोख्त कर उस पर अवैध कॉलोनियां काटकर लोगों को सस्ते प्लाट बेचकर अपनी जेबें भर रहे हैं। जमीनों की खरीद का पूरा मामला बेहद ही गुपचुप तरीके से हो रहा था। मगर अब राज्य सरकार ने हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियमन अधिनियम, 1975 की धारा 7-ए में संशोधन कर दिया है। अब अधिसूचित शहरी क्षेत्रों में एक्सचेंज डीड के जरिए होने वाली रजिस्ट्री भी इसके दायरे में आएगी। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने नई गाइडलाइन के हिसाब से राजस्व विभाग के वित्तीय आयुक्त को पत्र जारी कर नए निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। असल में पिछले दिनों ही गुरुग्राम के डिप्टी कमिश्नर की 17 जून 2026 की जांच रिपोर्ट और मानेसर के एसडीएम की 16 जून 2025 की रिपोर्ट में इस बड़े खेल का खुलासा हुआ था। रिपोर्ट में सामने आया था कि भूमाफिया और प्रॉपर्टी डीलर धारा 7-ए के नियमों और कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए एक्सचेंज डीड का सहारा ले रहे थे। इसके जरिए बिना किसी मंजूरी के अवैध कॉलोनियां काटी जा रही थी। पिछले दरवाजे से जमीनों की रजिस्ट्री का खेल चल रहा था। तब टाउन कंट्री प्लानिंग विभाग ने अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से अनुरोध किया था कि वे प्रदेश के सभी राजस्व अधिकारियों को इस बाबत निर्देश करें। इन संशोधित नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश जारी करें। इस कदम से अब बिना उचित एनओसी और मंजूरी के एक्सचेंज डीड के नाम पर होने वाली फर्जी और अवैध रजिस्ट्रियों पर पूरी तरह से लगाम लग सकेगी।

#### पर्ची पर बेचे जा रहे प्लाट

अंबाला में भी बड़े स्तर पर अवैध कॉलोनियां काटने का खेल चल रहा है। यहां नगर निगम व नगर परिषद एरिया में कई कॉलोनाइजर अफसरों से मिलकर अवैध कॉलोनियां काटकर लोगों को सस्ते प्लाट देने का लालच देकर अपनी जेबें भर रहे हैं। इसी वजह से अंबाला शहर व अंबाला छावनी के साथ पूरे जिले में बड़े स्तर पर अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। इन कॉलोनियों में कोई भी अफसर कार्रवाई करने को तैयार नहीं है यहां फुल पेमेंट की रसीद देक लोगों को प्लाट बेचे जा रहे हैं। प्लाट की रजिस्ट्री के लिए उन्हें सालों का समय दिया जा रहा है। ऐसे कॉलोनियों में प्लाट खरीदने वाले ज्यादातर लोग पूरा भुगतान करने के बावजूद रजिस्ट्री के लिए कॉलोनाइजरों के पीछे घूम रहे हैं। इसके बावजूद प्लाट की रजिस्ट्री नहीं हो पाती।

#### अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी

जिला नगर योजनाकार विभाग ने साहा क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। विभाग ने करीब अढाई एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई साहा गांव के एचबी-93 और खसरा नंबर 102//13 मिन, 18, 19 मिन में की गई। प्रशासन ने बिना अनुमति के काटी जा रही इन कॉलोनियों में बनाई गई कच्ची सड़कों के पूरे जाल को उखाड़ दिया। जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान के नेतृत्व में कार्रवाई दल मौके पर पहुंचा कार्रवाई के दौरान रोहित चौहान स्वयं ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर मौजूद रहे। उनके साथ कनिष्ठ अभियंता गुरजिंद्र, हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के एसएचओ और पुलिस बल भी तैनात था। पुलिस की मुस्तैदी के कारण यह पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

---


अंबाला। मातेश्वरी जगदंबा को श्रद्धांजलि देती बीके बहनें। फोटो: हरिभूमि

## मातेश्वरी जगदंबा के स्मृति दिवस पर भव्य कार्यक्रम

- ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्मकुमारी राजयोग केंद्र में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रशासनिक प्रमुख मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती के 61वें स्मृति दिवस पर उन्हें याद किया गया। अंबाला सब ज़ोन निर्देशिका राजयोगिनी बीके. आशा दीदी ने कहा कि /"मम्मा यज्ञ के रत्नों में सबसे श्रेष्ठ रत्न हैं जो पवित्रता और निस्वार्थ प्रेम की प्रतिमूर्ति थी। उनके चेहरे पर मातृवत प्रेम झलकता था। वे सभी के लिए उच्च दृष्टि रखती थी। उन्हें आत्मसम्मान में रहने में मदद करती थी। यद्यपि वे बहुत छोटी थीं, फिर भी सभी उन्हें हृदय से /"मम्मा/" कहते थे। यहां तक कि उनकी अपनी मां भी। उनकी पवित्र शक्तिशाली दृष्टि कई लोगों के हृदय को पिघला देती थी। उन्होंने कई लोगों को नया जीवन दिया। कई लोगों को उनकी दृष्टि से ही नई स्वर्णिम दुनिया के दिव्य दर्शन हुए। उनकी विवेक शक्ति अद्भुत थी।

#### श्रद्धांजलि दी

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी ने मम्मा का इतिहास बताते हुए कहा प्रेम और शांति का दिव्य दूत जो 1919 में देश की पवित्र भूमि पर अवतरित हुआ। राधे एक रत्न बालिका थी जिसका जन्म अमृतसर में माता रोचा और पिता पोखर दास के घर हुआ था। बचपन से ही राधे की बुद्धि बहुत तेज थी। उसका व्यक्तित्व बहुमुखी प्रतिभा का था। राधे की मां और मौसी अपने पतियों को खो चुकी थी। घर पर शोक मना रही थी। तभी उन्होंने गीता सत्संग में जाना शुरू किया। यहां दादा लेखराज गीता के श्लोकों का सार समझाया करते थे। अपनी मां और मौसी के जीवन में परिवर्तन का चमत्कार देखकर राधे उनके साथ गीता सत्संग में जाने लगी। अथक सेवा के कारण मातेश्वरी या मां के रूप में जानी जाने लगीं। अपने पूरे जीवन में, उन्होंने अपने मधुर और दिव्य गीतों और प्रवचनों के माध्यम से कई लोगों के दिलों को खुशी से नचाया। वे आध्यात्मिक बच्चों की हर ज़रूरत का ख्याल रखती थी। अपनी आखिरी सांस तक उनकी सेवा में लगी रही। इस अवसर पर सेवा केंद्र में आने वाले भाई बहनों ने भी अपने गीत व कविता के माध्यम से मम्मा को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करी।

---

## जानवर के काटने पर तुरंत लगवाएं रेबीज का इंजेक्शन

- एसएमओ ने लोगों को किया जागरूक, कहा कुत्ते के साथ साथ कई जानवरों के काटने से हो सकता है रेबीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

नागरिक अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि किसी भी जानवर के काटने की घटना को हल्के में न लें क्योंकि इससे रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी होने का खतरा रहता है। समय पर प्राथमिक उपचार और टीकाकरण ही रेबीज से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। डॉ. प्रवीण कुमार ने बताया कि केवल कुत्तों के काटने से ही नहीं, बल्कि बिल्ली, बंदर, नेवला, गाय, भैंस, घोड़ा, ऊंट, लोमड़ी, भेडिय़ा, गीदड़ सहित अन्य पालतू एवं जंगली जानवरों के काटने से भी रेबीज संक्रमण फैल सकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कोई जानवर काट ले तो सबसे पहले घाव को बहते हुए साफ पानी और साबुन से कम से कम 15 मिनट तक अच्छी तरह धोना चाहिए। इसके बाद घाव पर बेन्जाकॉनियम क्लोराइड, स्पिरिट (इथेनॉल), टिंक्चर ऑफ आयोडीन, पोवीडोन ऑयोडीन अथवा डेटॉल जैसे एंटीसेप्टिक का प्रयोग करना चाहिए और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या चिकित्सक से संपर्क कर रेबीज रोधी टीका लगवाना चाहिए।

#### गलतियां नहीं करनी चाहिए

एसएमओ ने बताया कि घाव पर पट्टी नहीं बांधनी चाहिए और न ही टांके लगवाने चाहिए। इसके अलावा घाव को हाथों से छूना, उस पर पौधों का रस, कॉफी पाउडर, धातु, सिक्का, अम्ल या क्षार युक्त पदार्थ लगाना तथा तपे हुए लोहे से दागने जैसी गलतियां नहीं करनी चाहिए।

---

## बच्चे के उपचार के लिए दी सहायता राशि

- राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एसडीएम ने परिवार को सौंपा चेक, सभी उपचार एवं ऑपरेशन नि :शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के अंतर्गत बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एसडीएम शिवजीत भारती ने गांव बरसूमाजरा के अजय कुमार के पुत्र के उपचार के लिए एक लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। चिकित्सकों के अनुसार बच्चे के हृदय में जन्मजात छेद है। उसके उपचार एवं ऑपरेशन की आवश्यकता है। एसडीएम ने कहा कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम बच्चों के स्वस्थ भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच करवाएं और किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं। इस अवसर पर आरबीएसके मोबाइल हेल्थ टीम इंचार्ज डॉ. हरप्रीत सिंह, डॉ. नीतिका, एएनएम सोनिया तथा फार्मासिस्ट अमनदीप भी उपस्थित रहे। मोबाइल हेल्थ टीम इंचार्ज डॉ. हरप्रीत सिंह ने बताया कि गांव बरसूमाजरा के अजय कुमार का पुत्र राजकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत है। नियमित स्वास्थ्य जांच अभियान के दौरान आरबीएसके टीम ने बच्चे की जांच की, जिसमें उसके हृदय में छेद (जन्मजात हृदय रोग) होने का पता चला। इसके बाद बच्चे को अस्पताल में रेफर किया गया तथा उपचार प्रक्रिया शुरू करवाई गई। बताया कि आरबीएसके की टीमें नियमित रूप से सरकारी विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों का दौरा कर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करती हैं। जांच के दौरान किसी भी गंभीर बीमारी या जन्मजात विकार की पहचान होने पर बच्चे को विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास रेफर कर उसका निशुल्क उपचार सुनिश्चित किया जाता है।

#### नि:शुल्क उपचार

बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों में जन्मजात दोष, बीमारियों, पोषण संबंधी कमियों तथा विकासात्मक समस्याओं की पहचान कर उनका नि:शुल्क उपचार कराया जाता है। कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से हृदय में छेद, मोतियाबिंद, अंधापन, आंखों का टेढ़ापन, श्रवण शक्ति की कमी, कटे-फटे होंठ या तालु में छेद, हड्डियों की विकृतियां, मुड़े हुए पैर, हिप विकार, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, डाउन सिंड्रोम, समय से पूर्व जन्मे शिशुओं की आंखों की जांच (आरओपी), एनीमिया, कुपोषण, दांतों की बीमारियां तथा किशोरावस्था से संबंधित विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान एवं उपचार किया जाता है। डॉ. हरप्रीत सिंह ने बताया कि इन सभी बीमारियों के उपचार, जांच एवं आवश्यक ऑपरेशन की सुविधा सरकार द्वारा पूर्णतः नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाती है।

---

## कच्चे तेल के दाम गिरे, जनता को राहत नहीं

- युवा नेत्री चित्रा बोली,पेट्रोल-डीज़ल 70 रुपये लीटर तक लाने का समय आ गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने पेट्रोल और डीज़ल की लगातार ऊंची कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उल्लेखनीय गिरावट आ चुकी है तो देश की जनता को उसका लाभ देने में सरकार आखिर क्यों हिचकिचा रही है। उन्होंने मांग की कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पेट्रोल और डीज़ल की कीमतों में व्यापक कटौती कर इन्हें कम से कम 70 रुपये प्रति लीटर के स्तर तक लाने की दिशा में ठोस निर्णय लिया जाना चाहिए। सरवारा ने कहा कि देश का आम नागरिक अभूतपूर्व आर्थिक दबाव के दौर से गुजर रहा है। रसोई का बजट बिगड़ चुका है, परिवहन महंगा हो चुका है, खेती की लागत बढ़ चुकी है और छोटे व्यापारियों से लेकर मध्यम वर्ग तक हर वर्ग महंगाई की मार झेल रहा है। ऐसे समय में सरकार का पहला दायित्व जनता को राहत देना होना चाहिए, न कि राजस्व वसूली को ही अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि मान लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीज़ल केवल ईंधन नहीं हैं, बल्कि देश की पूरी अर्थव्यवस्था की धुरी हैं। इनके महंगे होने का सीधा असर सब्जियों, खाद्यान्नों, दूध, दवाइयों, निर्माण सामग्री, परिवहन सेवाओं और दैनिक उपयोग की लगभग हर वस्तु पर पड़ता है। जब डीज़ल महंगा होता है तो किसान की खेती महंगी होती है, ट्रांसपोर्ट महंगा होता है। उसका बोझ उपभोक्ता की जेब पर पड़ता है।

#### व्यापक समीक्षा करनी चाहिए



चित्रा ने कहा कि सरकार जब भी अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का हवाला देकर ईंधन कीमतों में वृद्धि करती है तो जनता से यह अपेक्षा भी स्वाभाविक है कि जब वैश्विक बाजार में कच्चे तेल के दाम नीचे आएं तो उसका लाभ भी आम लोगों तक पहुंचे। यदि अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरावट के बावजूद जनता को राहत नहीं मिलती, तो यह आर्थिक न्याय के मूल सिद्धांतों के विपरीत है।उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में महंगाई पर नियंत्रण चाहती है तो उसे पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस पर लगाए गए विभिन्न करों और उपकरों की व्यापक समीक्षा करनी चाहिए।

---

## बच्चों की तस्करी रोकने को बनेगी योजना

- पिछले छह महीने में ट्रेनों से जब्त किए जा रहे हैं 145 बच्चे, यूपी-बिहार से हो रही है तस्करी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ट्रेनों में बच्चों की तस्करी के बढ़ते मामलों को लेकर अब गिरोह तक पहुंचने के लिए नई रणानीति बनाई जा रही है। बता दें कि पिछले छह माह में ट्रेन नंबर 15211 जननायक और 12407 कर्मभूमि एक्सप्रेस जैसी लंबी दूरी की ट्रेनों से 145 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। तस्करों का गिरोह इन बच्चों को उनके अभिभावकों के सामने अच्छी कमाई का लालच देकर चंगुल में फंसा रहा है। बच्चों को कारखानों और खेतों में मजदूरी के दलदल में धकेला जा रहा है। अब इस संगठित अपराध को जड़ से खत्म करने के लिए जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस और जिला विकास संगठन अब नई योजना पर काम कर रहा है। पिछले कुछ मामलों में की गई पड़ताल से सामने आया है कि तस्कर अब कक्षा 8 से 10वीं तक के बच्चों को विशेष रूप से निशाना बना रहे हैं। तस्कर पहले अभिभावकों को भरोसे में लेते हैं और उन्हें बच्चों के सुनहरे भविष्य व मोटी कमाई का सपना दिखाते हैं। एक बार झांसे में आने के बाद बच्चों को पंजाब सहित हिमाचल ले जाकर कारखानों और खेतों में बंधुआ मजदूरी के लिए मजबूर कर दिया जाता है।

#### गिरोह से जुड़े लोगों का पता लगाएगी टीम

जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन अलायंस और जिला विकास संगठन ने एक सांझा रणनीति तैयार की है। बिहार और उत्तर प्रदेश तस्करी के सबसे बड़े स्रोत राज्य माने जाते हैं। इसके लिए जांच टीम तैयार करने की योजना पर काम हो रहा है जोकि गिरोह से जुड़े लोगों का पता लगाएगी। असल में ट्रेनों के जरिए यूपी व बिहार से बच्चों की लगातार तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। सूचना के बाद जांच टीमें छोटे छोटे बच्चों को भी रेसक्यू कर चुकी हैं। इन बच्चों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। काफी हद तक इसके लिए इनके परिजन भी जिम्मेदार हैं जोकि छोटे लालच में बच्चों का जीवन नरक बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

---

### तुर्किये के मशहूर बॉलीवुड फिल्मिंग लोकेशन्स भारतीय ट्रैवलर्स के लिए मुख्य आकर्षण बने



**चंडीगढ़।** लाखों भारतीय दर्शकों के लिए, तुर्किये की पहली झलक किसी गाइडबुक से नहीं बल्कि एक सिनेमा स्क्रीन के जरिए मिली इस्तांबुल की छतों पर एक चेज़ सीक्वेंस, कप्पाडोसिया की अजीब चट्टानों के सामने फिल्माया गया एक गाना, बोस्फोरस के चमकते पानी के सामने एक रोमांटिक मोंटाज है।बॉलीवुड फिल्म मेकिंग के दो दशकों से ज़्यादा समय में, तुर्की इंडस्ट्री की सबसे पसंदीदा जगहों में से एक बन गया है और यह देश अब भारतीय यात्रियों को देखने वाले से एक्सप्लोरर बनने और खुद उन नज़ारों को खोजने के लिए बुला रहा है, जिन्होंने लंबे समय से बॉलीवुड की कल्पना को थामे रखा है।भारतीय फिल्ममेकर्स के लिए तुर्की की अपील न तो इत्तेफाक है और न ही कुछ समय के लिए। यह देश कुछ ऐसा देता है जिसकी बराबरी बहुत कम जगहें कर सकती हैं, एक पूरे महाद्वीप की विज़ुअल वैरायटी को एक ही देश में समेटा गया है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

---

### आईटीआई में दाखिले की करीब 1000 से अधिक सीटें हुई कम

## कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने 52 ट्रेड यूनिट पर चलाई कैंची

कम दाखिले के चलते ट्रेड यूनिट की बंद, विद्यार्थियों की बढ़ी चिंता

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कम दाखिले को देखते करीब 52 ट्रेड यूनिट को बंद करने का निर्णय लिया है। विभाग के फैसले से उन विद्यार्थियों की चिंता बढ़ गई है, जो इन ट्रेडों में प्रशिक्षण लेकर रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करना चाहते थे। जानकारी अनुसार कई आईटीआई में कुछ ट्रेडों में लगातार कम संख्या में दाखिले हो रहे थे। सीटें खाली रहने के कारण विभाग को इन यूनिटों के संचालन में आर्थिक और प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी के चलते विभाग ने समीक्षा के बाद 52 ट्रेड यूनिट को बंद करने का फैसला लिया है। इस निर्णय का असर उन छात्रों पर पड़ सकता है, जो अपने क्षेत्र के नजदीकी संस्थान में संबंधित ट्रेड का कोर्स करना चाहते थे। अब उन्हें अन्य संस्थानों का रुख करना पड़ सकता है, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे। छात्रों और अभिभावकों का कहना है कि विभाग को ट्रेड बंद करने के बजाय उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने और रोजगार से जोड़ने के प्रयास करने चाहिए थे।


कैथल। राजकीय आईटीआई में प्रशिक्षण लेते विद्यार्थी। फाइल फोटो।

#### कैथल से कोई ट्रेड यूनिट बंद नहीं

राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि निदेशालय द्वारा कम दाखिला के चलते कई जिलों के कुछ ट्रेड यूनिट को बंद किया गया है। निदेशालय द्वारा जारी पत्र अनुसार जिले से कोई ट्रेड यूनिट बंद नहीं की गई है।



#### किस आईटीआई से बंद किए कितने ट्रेड यूनिट

| | |
|---|---|
| अंबाला शहर | 04 |
| भिरडाना | 01 |
| पिहोवा | 01 |
| सढौरा | 01 |
| सोनीपत | 03 |
| टोहाना | 01 |
| भिवानी | 10 |
| पानीपत | 06 |
| महम | 08 |
| पलवल | 09 |
| भोडियाखेडा | 02 |
| बरवाला | 01 |
| बेरली कलां | 02 |
| नाचरोन | 01 |
| उचाना गांव महिला | 01 |
| कंसाला | 01 |

अधिकारियों का कहना है कि जिन ट्रेडों की मांग अधिक है, वहां संसाधनों को मजबूत किया जाएगा ताकि विद्यार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुख शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।